## खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त

**सतना।** मैहर जिला अंतर्गत होली पर्व पर शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा शहरी क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाये रखने अनुविभागीय दंडाधिकारी मैहर विकास सिंह को कार्यपालिक दंडाधिकारी के रुप में नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र एवं संबंधित थाना क्षेत्रों के लिये तहसीलदार मैहर जितेंद्र पटेल एवं तहसील अंतर्गत क्षेत्रों के लिये नायब तहसीलदार अमदरा सुनील द्विवेदी और नायब तहसीलदार बदेरा प्रेमलाल चौधरी की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में संपूर्ण व्यवस्था के लिये अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर श्रीमती बाटड ने अनुविभागीय दंडाधिकारी रामनगर और अमरपाटन को भी निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में त्यौहारो के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाये रखने ड्यूटी आदेश जारी करें।

### चुनाव संबंधी सुझाव और शिकायत के लिये टोल-फ्री नंबर 1950

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के ऊपरी तल में निर्वाचन संबंधी शिकायत और सुझावों को साझा करने सी विजिल,शिकायत कॉल सेन्टर 1950,डीसीसी और मीडिया प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। जो निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही सक्रिय हो गया है। कोई भी व्यक्ति कंट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07672-238844 या टोल फ्री नंबर 1950 चुनाव संबंधी सुझाव या शिकायत कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर के सुचारु संचालन के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग द्वारा जारी आदेशानुसार प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक के लिये कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमिला तिवारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नागेंद्र पांडेय, शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक के लिये डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुशवाहा और कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार पांडेय को तैनात किया गया है।

### मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान सामग्री प्राप्त करने दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले मतदान दलों के कर्मचारियों की रात्रि में ठहरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित को दिये हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले मतदान दलों के कर्मचारी अपनी सुविधा की दृष्टि सामग्री वितरण की पूर्व रात्रि में हीं जिला मुख्यालय पहुंचने लगते हैं। जिस कारण से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों को असुविधा नहीं हो इसके लिये स्थल चयन कर ठहरने के समुचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

### मतदान दलों की भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी निकाय प्रमुखों को

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों की भोजन की सशुल्क व्यवस्था स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायतों में स्व-सहायता समूह के माध्यम से कराई जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी शहरी क्षेत्र के लिये आयुक्त नगर पालिक निगम सतना तथा सतना और मैहर जिला अंतर्गत जनपद और नगरीय निकाय के प्रमुखों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। नियुक्त अधिकारी आदेश का पालन करते हुये मतदान दलों को भोजन की सशुल्क व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।

## मैहर के रूपगंज में इलाके में सनसनी

# पति-पत्नी की निर्मम हत्या

### मौके पर पहुंचे डीआईजी एसपी,नहीं मिला कोई सुराग

रूपगंज गांव में बीती रात पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने के बाद तुम मौके पर रीवा रेंज के डीआईजी साकेत पांडे और मैहर के एसपी सुधीर अग्रवाल के अलावा इलाके के टी वन पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**मैहर।**



पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना की जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई महत्वपूर्ण सुराग के हासिल नहीं हुआ था। मैहर थाने के टी अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें रामू कोल पिता बाबूलाल कोल 50 वर्ष और उसकी पत्नी चंदा कोल उम्र 48 वर्ष है। दोनों रूपगंज गांव के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह जब मृतक की नातिन चाय लेकर पहुंची तो दोनों की लाश पड़ी थी। नातिन ने शोर मचाया और घर में जाकर जानकारी दी। तत्पश्चात पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अधिकारी डॉग एस्कॉर्ट के साथ मौके पर जब पहुंचे तो दोनों के शव 20 मीटर दूरी के अंतराल में पड़े हुए थे दोनों के सर और चेहरे पर पत्थर से चोट पहुंचाने के गंभीर निशान है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

#### मोटू पटेल का है ईटा भट्टा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पति-पत्नी ईंट भट्ठे में काम कर रहे थे वह ईट भट्टा मोटू पटेल नामक व्यक्ति का है। मोटू बाबूलाल और चंदा को कम करने के लिए अपने ईट भट्टे में लाया था। दोनों लंबे समय से यहां पर काम कर रहे थे। पुलिस से ईट भट्टे के मालिक से भी पूछताछ कर रही है।



## शहडोल के यशराज और रोजी ने जीते सिंगल्स के खिताब, सतना की झोली में आई टीम चैंपियनशिप

तीन दिवसीय अन्तर संभागीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट

सतना।जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय स्व. अनोद जायसवाल मेमोरियल अंर्तसंभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। टीम चैम्पियनशिप सतना के नंदकिशोर नंदा,देवांश त्रिपाठी व अच्युत मिश्रा की झोली में आई। सरस्वती भवन में आयोजित समारोह में सांसद गणेश सिंह के पुत्र एवं विकल्प सिंह तथा बिरला हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.संजय माहेश्वरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बालक (17) वर्ग में देवांश त्रिपाठी ने यशराज गोस्वामी को पराजित कर खिताब जीता जबकि बालक (15) वर्ग में आनंद तिवारी शहडोल ने अच्युत मिश्रा को पराजित किया। वहीं बालक 13 वर्ग में शहडोल के दक्ष मिश्रा शिवपुरी के पर्व गुप्ता को पराजित कर चैंपियन बने। बालिका अंडर 15 वर्ग के डबल में शिवपुरी की निराली गुप्ता एवं दिव्यांशी जैन की जोड़ी ने शहडोल की अनुश्री परिहार व साक्षी की जोड़ी को हराकर जीत हासिल की जबकि अंडर 17 डबल में रोजी मंसूरी व अनुश्री परिहार ने निराली गुप्ता दिवांशी जैन की जोड़ी को हराया। महिला डबल में रोजी मंसूरी और कशिश मंसूरी की जोड़ी ने लक्ष्मी त्रिपाठी एवं संजना सिंह को पराजित कर खिताब जीता। वेटरन्स डबल में सीए विराम जैन एवं नंद किशोर नंदा को अनूपपुर के राजेश कुमार ध्रुवे एवं जोसफ जान की जोड़ी ने पराजित कर जीत दर्ज की। वेटरंस एकल के फाइनल में रीवा के विनोद तिवारी ने नंद किशोर नंदा को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

**प्रदेश की कई टीमों ने लिया हिस्सा-** तीन दिनों तक सरस्वती भवन में चले टूर्नामेंट में भोपाल,शिवपुरी,सिवनी,सागर,शहडोल,उमरिया,सतना, कटनी,रीवा आदि जिलों से आये हुये खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल-प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर आयु और हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिये अलग-अलग कटेगरी बनाई गई थी जैसे मेन्स सिंगल्स,मेन्स डबल्स,महिला सिंगल्स,महिला डबल्स,जूनियर्स गर्ल्स एवं खिलाड़ी,वेटरन 50 प्लस,कुल मिलाकर 21 कैटेगरी से विजेता व उपविजेता सामने आये। कुछ मुकाबले रोमांचक और कांटे की टक्कर के रहे।

## निर्वाचन की सभी तैयारियां आयोग के निर्देशों के अनुसार समय पर की जायें

# संभाग कमिश्नर गोपालचंद्र डाड ने की तैयारियों की समीक्षा





**सतना।**

रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचंद्र डाड ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और विधि-सम्यक संपन्न कराने सभी आवश्यक तैयारियां निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समय पर पूरी की जायें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सख्त रूप से की जाये। संभाग आयुक्त रीवा गोपालचंद्र डाड और पुलिस महानिरीक्षक रीवा महेंद्र सिंह सिकरवार ने सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर सतना और मैहर जिला प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर लोकसभा चुनाव संपन्न कराने की जा रही तैयारियों और अब तक की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कमिश्नर श्री डाड ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन करें और करायें। इसी प्रकार चुनाव पूर्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों पर विशेष फोकस करें। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी स्पॉट पर जाकर बाउंड ओवर की कार्यवाही करें। इसी प्रकार बाउंड का उल्लंघन करने वाले चिन्हित तत्वों पर 122 की अंतिम कार्यवाही कर इसे प्रचारित भी करें। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर कार्यवाही करने का ज्यादा इंपैक्ट होता है। राजस्व और पुलिस के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का संयुक्त रूप से निरंतर भ्रमण करें। सशस्त्र बलों के साथ नगरों और कस्बों में पेट्रोलिंग बढ़ाये। कमिश्नर ने कहा कि चुनाव में हर कार्यवाही को निष्पक्षता के साथ करें। स्वयं निष्पक्ष रहें और यह निष्पक्षता आपके कामों में दिखनी भी चाहिये। उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान और शैडो एरिया की जानकारी भी ली। कमिश्नर ने विधानसभा चुनाव में कम मतदान वाले केंद्रों में स्वीप गतिविधियों को फोकस कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश भी दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी सतना और रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सतना और मैहर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन के लिए विधानसभावार 7 एआरओ नियुक्त किए गए हैं। पूरे लोकसभा क्षेत्र में 192 सेक्टर बनाए गए हैं। इनमें 21 एफएसटी,23 एसएसटी,7-7 वीएसटी, वीवीटी,अकाउंट टीमें कार्यरत हैं। कुल मतदान केंद्र 1950 हैं। जिनमें 174 माइक्रो आब्जर्वर,2147 पीठासीन अधिकारी और इतने ही पी-वन,पी-टू,पी-थ्री के मतदान दल बनाए गए हैं। रूट चार्ट और वाहनों की व्यवस्था कर ली गई है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सतना लोकसभा क्षेत्र में चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र अंतर-प्रादेशिक सीमा में बांदा और कर्वी (उत्तर प्रदेश) से लगता है। यहां 11 अंतर्राज्यीय नाके चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। आदर्श आचरण संहिता और संपत्ति विरूपण में 44 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस दौरान 962 लीटर अवैध मदिरा जब्त कर 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। 12 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया गया है। जिले में कुल 6869 शस्त्र लाइसेंस धारियों के निलंबित लाइसेंस के विरुद्ध 5753 शस्त्र थानों में जमा कराए जा चुके हैं। शेष 1116 शस्त्र एक-दो दिन में जमा कर लिए जाएंगे। कमिश्नर गोपालचंद्र डाड ने सभी एसडीएम और एसडीओपी से वन-टू-वन उनके विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए की गई तैयारी के संबंध में जानकारी ली।

#### स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

सतना जिले के प्रवास के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान सामग्री,वितरण-वापसी की व्यवस्था,पार्किंग, आवागमन के मार्ग,सुरक्षा व्यवस्था,विद्युत और सीसीटीवी कवरेज, विधानसभावार बनाए गए लोकसभा निर्वाचन के स्ट्रांग रूम तथा मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## शहीद दिवस के उपलक्ष में किया रक्तदान



**सतना।**

समाजसेवी संस्था आरम्भ युवाओं की एक नई सोच समिति सतना द्वारा लगातार रक्तदान की मुहिम चलाई जा रही है जैसा कि हम सभी को ज्ञात है कि 23 मार्च 1931 को लाहौर में भगत सिंह,सुखदेव,एवं राजगुरु को फांसी के फंदे में चढ़ा दिया गया था इनका कसूर यह था कि यह आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहे थे उन्हीं की कुर्बानी को याद करते समिति के अध्यक्ष अंकित रॉकी शर्मा ने रक्तदान किया एवं बताया कि भगत सिंह जी जैसे बलिदानी हमारे देश में जन्मे है हम भी इस देश के युवा है वह हंसते-हंसते हमारी आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम लिए थे तो क्या हम एक छोटी सी नीडल अपने शरीर में नहीं लगा सकते क्या हम रक्तदान नहीं कर सकते बिल्कुल कर सकते हैं और आप सभी से आग्रह है कि आप भी आगे आएं और युवा होने का फ़र्ज़ निभाएं ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें और लोगों का जीवन बचाएं समिति के अध्यक्ष अंकित रॉकी शर्मा द्वारा अपने जीवन का 43 वां रक्तदान किया गया सदस्य लवकुश साहू द्वारा, 14वीं बार रक्तदान किया गया,सतीश कुमार,राम जाने,एवं दीपेश दहिया,द्वारा रक्तदान किया गया आज के रक्तदान में समिति के अध्यक्ष अंकित रॉकी शर्मा,सचिव सूर्य प्रकाश गुप्ता,समाजसेवी रोहित चतुर्वेदी, लवकुश साहू,सतीश वर्मा,आदि सदस्य मौजूद रहे।

### 206 किलो लाहन एवं 12 लीटर मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में मदिरा के अवैध रूप से विनिर्माण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में आबकारी टीम द्वारा जिले के विभिन्न संदिग्ध इलाकों में दबिश दी जा कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर जारी जिले में जारी विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी अधिकारी श्री बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद एवं विजयराघवगढ़ के ग्राम डुगरिया, सुहुंडी एवं दुर्गापुर में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के यहां दबिश दी ।

## होलिका दहन के बाद धूमधाम के साथ बनाई जा रही है होली

**सतना।** होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। लोग एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। होली खेलने वाले की टोली जगह-जगह घूम रही है। लोग रंगों में इस कदर सराबोर हैं कि उनके चेहरे भी समझ में नहीं आ रहे हैं। उधर शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने के लिए पुलिस भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। इस बार लोकसभा के चुनाव भी होने हैं लिहाजा नेताओं के घर भी होली का माहौल है। बड़ी संख्या में समर्थक भी उनके घर होली खेलने के लिए पहुंच रहे हैं। बुराई पर अच्छाई,अधर्म व अत्याचार पर धर्म एवं आध्यात्म की विजय का पर्व होली धूमधाम से शहर सहित समूचे मनाई जा रही है। देर रात परंपरागत ढंग से होलिका दहन किया गया और सोमवार सुबह रंग-गुलाल खेलकर पर्व की खुशियां मनायी जा रहीं हैं।

#### शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाये त्यौहार

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने रंगों के त्यौहार होली को शांति,सद्भावना और भाईचारे से मिलजुल कर मनाये जाने की अपील की है।कलेक्टर एवं एसपी द्वारा होलिका दहन करने वाली समितियों को आगाह किया गया है कि वे प्रेम एवं भाईचारे के इस त्यौहार को शालीनता पूर्वक एवं सतर्कता के साथ मनायें।

## स्वयंसेवकों ने घर घर पहुँचकर किया सर्वे कार्य

# नुक्कड़ नाटक से जल संरक्षण एवं मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मंगेली गांव में चल रहे विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को जागरूक किया।इसके बाद स्वयंसेवकों ने मंगेली गांव में घर घर पहुँचकर सर्वे कार्य किया। देरशाम कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि सात दिवसीय समापन सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को सुबह सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास कराया गया।इसके बाद मंगेली गांव में जल संरक्षण को लेकर रैली निकाली गई। उमरियापान- सिहोरा मुख्य सड़क मार्ग पर बह रहे पानी को रोका गया। हैंडपंप से मुख्य मार्ग के किनारे किनारे लंबी गहरी नाली बनाकर पानी के बहाव को खेत की ओर मोड़ा गया। बौद्धिक सत्र के दौरान स्वास्थ विभाग से पहुँचे डॉ.सुनील आस्के,नेत्र सहायक प्रकाश हल्दकार, सोनेलाल चक्रवर्ती के द्वारा स्वास्थ्य और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रेरित किया।

## सीईओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के क्रम में जनपद सीईओ यजुर्वेन्द्र कोरी ने शुक्रवार को उमरियापान पहुँचकर मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए ताकि मतदान के दौरान मतदाताओं को परेशानी न हो। जनपद पंचायत सीईओ ने उमरियापान सीएम राइज स्कूल में बनायें गए मतदान केंद्रों और शौचालयों को देखा।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन के तहत परिचय पत्र जारी करने के लिए नोडल अधिकारी के अधीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राजस्व निरीक्षक कमल किशोर शर्मा और अनुरेखक शिवकुमार सारवान की ड्यूटी उक्त कार्यों के संपादन के लिए निर्धारित की गई है।

### प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिला स्तर से अधिग्रहित विभिन्न वाहनों को डीजल प्रदान करने के लिए डीजल पर्ची जारी की जाएगी। पर्ची जारी करने और पेट्रोल पम्प से जारी देयकों के सत्यापन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना संजय नागवंशी को प्रभारी अधिकारी और प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम को सहायक नियुक्त किया गया है।

### आईटी इनकोर संबंधी कार्यों के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए रिर्टिनंग अधिकारी कार्यालय पन्ना में आगामी 28 मार्च से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में आईटी इनकोर से संबंधित कार्यों के संपादन के लिए लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सितांशु राय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्य में सहयोग के लिए ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी, सीनियर डाटा मैनेजर मृदुल श्रीवास्तव, प्रोग्रामर पीयूष रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी और डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलेन्द्र श्रीवास्तव की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## गैसाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**हिनौताकला।** ग्राम हिनौता कला में लोकसभा चुनाव 2024 के सुरक्षा के मद्देनज़र गैसाबाद पुलिस द्वारा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में चौराहों पर वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया जिसमें थाना प्रभारी के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्यौहार- महेन्द्र भदौरिया



**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अमानगंज नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया और थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया सहित नगर की गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक आरंभ हुई। बैठक में थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया द्वारा होली पर्व मनाए जाने को लेकर विभिन्न चर्चाएं की और नगर के गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे, ताकि होली का पर्व शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया जा सके और कोई किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो। होलिका दहन एवं रंग पंचमी पर रंग भरी होली के मौके पर कहां-कहां पुलिस की विशेष आवश्यकता है यह जानकारी भी नागरिकों से ली गई और सभी से अपील की की शराब के नशे में वाहन ना चलाएं, मोटरसाइकिल में हेलमेट और फोर व्हीलर में सीट बेल्ट लगाकर ही यात्रा करें एवं कम उम्र के बच्चों को वाहनों की रफ्तार को सीमित रखना के लिए कहें।

**अबकी बार की होली संस्कृति संस्कार और सनातन के पावन पर्व पर राष्ट्र के व्यापक पुनर्निर्माण की होली है**

# आत्मीय उमंग उत्साह के साथ मनाएं रंगों का पर्व होली - ब्रजेंद्र मिश्रा

**पन्ना।** त्योहार हमारी संस्कृति संस्कार और विरासत के प्रतिबिंब होते हैं, हर त्यौहार में कोई ना कोई सामाजिक परंपरा और भविष्य के संकेत छुपे होते हैंस त्योहारों से प्रकृति अपने भविष्य के सपनों को हकीकत में परिलक्षित करती है सभाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा जी ने जिले वासियो को होली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आत्मीयता एकत्व भाईचारे के साथ अनुशासन युक्त होली मनाने की अपील की है। जिला अध्यक्ष जी ने कहा कि पुण्यभूमि वेद भूमि ज्ञानभूमि भारत, देवो की भूमि है। सनातन धर्म उत्सवों से भरा हुआ है। हमारे त्योहारों के वैज्ञानिक महत्व है। उत्सव सनातन के मूल में है। हमारे त्यौहार ही है जो हमारे ब्यस्ततम जीवन मे एकत्व अपनेपन के रंग भरते है। और होली तो रंगों का त्योहार ही है। सभी अलगाव को मिटाकर गले लगाने का उत्सव ही होली है। होलिका दहन हमें अपनी बुराइयों का नाश कर जीवन में पुनः खुशियों के रंग भरने की बात कहती है। होली ऐसे समय पर आती है, जब ऋतु का राजा बसंत अपने पूरे उफान पर होता है। नए फल-फूल वृक्ष लताओं से रंगोत्सव के स्वागत करने को आतुर होते हैं। इस मौसम में हम देखते हैं कि पेड़-पौधे अपने पुराने पत्ते गिराते है। वा नवीन पत्तों से युक्त होते है ऐसा प्रतीत होता है जैसे अपनी भाषा में प्रकृति मानव से कहना चाहती है कि हे मानव तू भी अपनी पुरानी चिंता की गठरी को खुद से अलग कर अपने कुरीतियों को होलिका में दहन कर अपने जीवन में सकारात्मक रंगों के सहारे श्रीहरि के सहारे जीवन को सतरंगी बना।वैसे तो हर बार होली हम सबके लिए खास होती है, क्योंकि वह हमें हर्ष, उल्लास, प्रेम,और मस्ती की यादें दे जाती है, पर इस बार की होली अद्भुत है, जो इस होली को और भी विशेष वा खास महत्व वाला बनाती है। इस वर्ष की होली 500 वर्षों के संघर्षों के बाद मिली सफलता श्रीधाम अयोध्या जी मे विराजमान अखिल कोटी ब्रम्हांड स्वामी श्री रामलला सरकार के साथ मानेगी। प्रभु के आगमन के बाद कि प्रथम होली इस बार की होली ऐतिहासिक हो इस हेतु हम सभी अपने घरों से ही अयोध्या जी मे विराजमान राम लला सरकार को याद कर प्रभु की प्रतिमा का स्मरण कर मानसिक रूप से प्रभु श्री को रंग गुलाल लगाए। निश्चितरुप से हम पहली बार बास्तविक होली मना रहे है। जब जन्मभूमि में हमारे प्रियतम विराजमान हो चुके है। हम सभी के लिए अद्भुत अविस्मरणीय रहेगी यह होली। भक्त प्रहलाद जी और हिरण्यकश्यप के प्रसंग की दृष्टि से देखा जाए तो होली का सबसे बड़ा संदेश अहंकार पर आस्था और असुरता पर देवत्व की विजय है। जिसके मन में अपने सृजन करता के प्रति गहन आस्था है, जो उसे सर्वव्यापी और न्यायकारी मानकर उसके अनुशासन के अनुरूप जीवन जीता है, उसके मन में सदैव श्रीहरि का वास होता है। बड़ी से बड़ी कठिनाई और चुनौती उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाती है। भक्त प्रहलाद जी प्रतीक है सत्य, ईश-निष्ठा, सद्गुणों के जो हर चुनौती और कठिनाइयों के बीच भी सुरक्षित रहते है।अहंकारी असुरी विचारों का हिरण्यकश्यप एवं होलिका प्रतीक है असुरता,



अहंकार, अवगुण, के, जिन्हें ईश्वरीय वरदान भी बचा नहीं सकते। ईश्वर मन अनुरूप वर तो देते है किंतु यह भी सत्य है कि प्राप्त ताकत का दुरुपयोग करने पर श्रीहरि ही दुराचार करने वालो का विनाश करते है। होली मानव काया में बैठे इस प्रहलाद को जगाने का पर्व है। यह अंतःकरण में ईश्वर के प्रति विश्वास को दृढ़ता प्रदान करता है। प्रभुश्री की आराधना से प्रहलाद के मन में यह विश्वास दृढ़ हुआ था कि होलिका वा उसकी अग्नि उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। उसी तरह होली लोगों में आध्यात्मिक आस्था को जगाने का पर्व है।यह विश्वास जगाने का पर्व है कि यदि मन निर्मल हो, इंसान सच्चाई और अच्छाई का रास्ता अपना ले तो संसार की बड़ी से बड़ी चुनौतियों के बीच भी वह भय और तनाव रहित उत्कृष्ट जीवन जी सकता है। होली की प्रमुख प्रेरणा अंतःकरण को निर्मल कर, ईश्वर के न्यायकारी स्वरूप एवं संरक्षण पर दृढ़ विश्वास रखते हुए आदर्शोन्मुखी जीवन जीने की है। आज लौकिक जीवन में यह पर्व सामाजिक स्वच्छता और मानवीय एकता व समरसता को प्रोत्साहित करता दिखाई देता है। यह उसके मूल उद्देश्य की ही पूरक प्रेरणाएं हैं।हृदय निर्मल होगा तो सामाजिक गंदगी रह ही नहीं सकती और सामाजिक स्वच्छता का अभियान चलाना मानवीय भावनाओं के परिष्कार का ही अभियान है। समाज में अनेक प्रकार की बुराइयां विद्यमान हैं। विडंबना यह है कि जो पर्व सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए मनाया जाता है, हम उसके मूल को समझे बिना भिन्न स्वरूप में मनाते है। अच्छा हो कि अपनी गौरवशाली परम्पराओं के लिए जनजागरण करते हुए स्वस्थ परम्पराओं के साथ इसे मनाते हुए उत्थान एवं मानवता के कल्याण के मूल विचारों के साथ मूल स्वरूप मूल उद्देश्य के साथ मनाया जाए।

# जेके कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसान के पैसे पर डाला डांका किसान ने दर्ज कराई अमानगंज तहसील में नामंत्रण आपत्ति

**अमानगंज।** जेके सीमेंट प्लांट मे किसानों के हितों के साथ बहुत बड़ा छलाबा किया जा रहा है सीधे सीधे किसानों के हकों पर डकैती डाली जा रही है। जेके प्लांट के कर्मचारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार किसानों का बहुत ही चालसाजी के तहत इस्तेमाल किया जा रहा। जितनी जमीन जरूरत होती है उसकी गुप्त तरीके से सौदेबाजी की जाती है कुछ किसानों को बहला फुसला कर अच्छे रेट कहकर किसानों को फसाया जाता है, एक चेक देने के बाद महीनों तक चक्कर लगवाया जाता है और जब अंत मे किसान अत्यधिक परेशान होकर थक हार जाता है तब मनमर्जी का चेक बनाकर किसानों को थमा दिया जाता है। इसमे पूरा का पूरा जेके सीमेंट प्लांट का पूरा सिस्टम संलिप्त होता।ऐसा ही एक मामला ग्राम देवरा के एक किसान फूल बाई लुहार का देखने को मिला जिसको कंपनी के अधिकारियों द्वारा अच्छे रेट का वादा करके जेके सीमेंट कानपुर के नाम रजिस्ट्री करवा ली गई । देवरा हल्का के खसरा नं. 5/2 0.70 हेकटेयर भूमि की रजिस्ट्री करवा ली गई। अधिकारियों द्वारा किसान का 2 लाख रुपय हड़प लिए या यूँ कहे गोलमाल कर निगल गये। किसान के पास जितनी जमीन थी कंपनी के नाम कर ली गई और पैसे की हेराफेरी मामला निपटा दिया गया। जिसका फूल बाई लुहार द्वारा अमानगंज तहसील मे नामंत्रण आपत्ति का आवेदन दिया। अब किसान अधिकारियों की बातों मे आकर अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। जेके सीमेंट कर्मचारियों का यह रवैया चिंतनीय विषय है यदि ऐसा रहा होगा तो आज तक की तारीख तक देवरा पंचायत के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के पैसे का कितना फर्जीवाडा हुआ होगा भगवान जाने लेकिन जिन किसानों ने अभी तक जमीन बेची है वो अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।जिसकी सुनने वाला कोई नहीं है,जो शासन और प्रशासन के जाँच का संबेदनशील विषय है।

### होम वोटिंग के लिए दल का प्रथम भ्रमण 14 से 19 अप्रैल तक

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अनुपस्थित श्रेणी वाले मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में बीएलओ द्वारा ऐसे पात्र मतदाताओं से भरे गए हस्ताक्षरित फार्म 12-डी आगामी 2 अप्रैल तक एआरओ को उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी। सेक्टर अधिकारी द्वारा प्रतिदिन वितरित एवं प्राप्त फार्मों की मॉनीटरिंग कर एआरओ से समन्वय स्थापित किया जाएगा। 3 अ्रप्रैल को प्राप्त आवेदनों की जांच कर रिजेक्शन के संबंध में कारण सहित निर्वाचक को सूचित करने की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह 4 से 6 अप्रैल तक मतदान दलों की होम विजिट के लिए रूट चार्ट व कार्यक्रम का निर्धारण कर अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा और घर से मतदान की तिथि एवं समय के बारे में मतदाता को सूचित किया जाएगा। इसके अलावा होम वोटिंग प्रारंभ होने के दिनांक से एक दिवस पूर्व तक होम वोटिंग वाले निर्वाचकों की सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। मतदान दल द्वारा 14 से 19 अप्रैल तक प्रथम चरण में पात्र मतदाताओं से घर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी, किन्हीं कारणोंवश अनुपस्थित मतदाताओं के घर पर मतदान दल द्वितीय भ्रमण के दौरान 20 से 22 अप्रैल की अवधि में पहुंचेगा।



# पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन में लगी भीषण आग, धू-धू कर जल रहे जंगल

**पन्ना।** टाइगर रिजर्व पन्ना के बफर जोन अंतर्गत अजयगढ़ कस्बे से लगे पैलेस के पीछे के जंगलों में भीषण आग लगने से यह जंगल धू-धू कर जल रहे हैं। जबकि विगत दिनों पन्ना टाइगर रिजर्व की नवागत क्षेत्र संचालक अंजना रुचिता तिर्की, और उपसंचालक मोहित सूद के द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण भी किया गया था और वन विभाग व बफर जोन के अधिकारी कर्मचारियों को वनों को आग से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी गई थी, इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया, नतीजा गर्मियों की शुरुआत में ही यहां भीषण आग देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वन क्षेत्र में दुर्लभ अजगर एवं अन्य वन्य प्राणियों के रहवास हैं जहां आग लगने से हजारों वन्य जीवों के अस्तित्व पर संकट आ गया है। अब देखना यह होगा कि आग को काबू में करने के लिए क्या प्रयास किए जाते हैं। लोगों ने बताया कि दिन में यहां केवल धुआं दिखता है लेकिन रात में भीषण आग की लपटे देखी जा रही हैं। तेज हवाओं से यह आग जंगलों में तेजी से फैलती है। हवा बदली तो यह आग कस्बे में भी प्रवेश कर सकती है जिसे रोकने के लिए समय पर प्रयास की आवश्यकता है।

# सड़क में जोखिम भरे हालात फिर भी समस्या, ट्रांसपोर्ट के आने पर हम मददगार






**पन्ना।** लगभग 3 करोड़ की लागत लगाकर सड़क के सहारे अब दूसरों के समस्या के मसीहा बन रहे है वहीं लगभग 20 लोगों को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ रिस्कभरी जिंदगी सड़कों से मुकाम तक समस्या निदान को लेकर प्रतिदिन के हालातजीवन में सफल होने के लिए पूंजीपति की तरह भले ही कर्ज में ही सही पर साहस के साथ आगे आने को लेकर आदित्य शर्मा जो सड़क में व्यवसाय को लेकर अमानगंज से सिमरिया के मध्य अशोक लीलेण्ड कम्पनी से एग्रीमेन्ट मिला तो सर्विस सेन्टर खोला लगभग तीन करोड़ की लागत लगाकर सड़क में रोजगार भविष्य में मुकाम पाने को लेकर सपने सजोये अब लगभग 20 लोगों को काम तो मिला वहीं ट्रांसपोर्ट की समस्या 40 किलोमीटर तक की दूरी में कहीं भी आती है। गाडी खराब होती है तो हम सडक में सर्विस देते है। हालात कब बदलेगें पता नहीं अब तो सड़क के सहारे व्यवसाय का अंजाम वहीं सड़क में ही समस्या का समाधान। फिर भी इस मुकाम को तय किया आज के दिन कह सकता हूं कि मेरा सपना पूरा हो रहा है। लक्ष्य के साथ आगे बढना है भले ही आज जोखिम आगे सहारा की उम्मीदों के साथ आदित्य शर्मा जो स्वयं सर्विस देने को लेकर ट्रांसपोर्टों की समस्या निदान के लिए यह पहला सर्विस सेन्टर माना जा रहा है। पन्ना जिले में इसके बाद छतरपुर में हो सकता हो पर जिले में कहीं नहीं। इस तरह से दूरगामी सोच को लेकर जोखिम उठाने के उद्देश्य से भावी समय के इंतजार में यह एक जोखिम है। फिर भी ईश्वर बदलेगा समय मुकाम सड़क में ही तय होगा। वहीं सड़क हादसे होते है तो समय पर मददगार की भूमिका निभाते है। सड़क में भी सीसीटीव्ही कैमरे से मदद को भी बयां करते है। इस सर्विस सेन्टर में कार्य करने वाले अजय द्विवेदी निवासी देवरा ने बताया कि निश्चित ही हम लोगों को इस सर्विस सेन्टर के माध्यम से रोजगार का सहारा मिला। ऐसे लगभग बीसों लोग काम कर रहे है। कहीं न कहीं जिसके इरादे काम के होते है उन्हें काम मिलता है रोजगार की दिशा कड़ी मेहनत के साथ मुकाम को लेकर जानी जाती हैं। सड़क हादसों में अक्सर हालात जब जन्म लेते है तो इस बारे में स्थानीय लोग भले ही परेशानी का दावा करते है पर अब कुछ लोग सड़कों की चौडीकरण को लेकर बात कर रहे है। वहीं स्पीड बेकर बनवाये जाने को लेकर भी जोर देते है। आखिरकार विकास के हालात सड़कों में भी मांग को लेकर जाने जाते है। जब ट्राफिक बढ़ा उद्योग की दिशा तय हुई तो सडक के चौडीकरण को लेकर कब ख्याल आयेगा जो सबसे बड़ा सवाल है।



# दुख के बाद सुख की अनुभूति, महेन्द्र गोस्वामी ने आप बीती बयां की दास्ता

**पन्ना।** मोबाईल की दुकान के बाद होटल मालिक बने-गोस्वामी, जमीन के भाव दुगने हुए समय के हालात दुःख के बाद सुःख आने में भी देखने में मिलते है। धैर्य के साथ जीवन सही दिशा में चले तो कहीं न कहीं ईश्वर स्वयं ही मददगार के रूप में मुकाम तय करता है। ऐसी ही दास्ता अमानगंज के गोस्वामी परिवार जो मोबाईल की दुकान करते थे। किराया बढ़ाया दुकान खाली करनी पड़ी। अंततः दूसरी जगह व्यवसाय नहीं चला ईश्वर के रूप में मददगार बनकर आये सलाह मिली अमानगंज से सिमरिया मार्ग में जमीन लेकर होटल बनाया आज सफल मुकाम को लेकर स्वयं संभले और दूसरों का भी बन रहे सहारा। पन्ना। जीवन में दुःख के बाद भी सही दिशा नहीं छोड़नी चाहिए। यह कहना अमानगंज के एक साधारण आप बीती गोस्वामी परिवार की दास्ता जो दूसरों के लिए संदेश दे रही है। प्रेरणा रूपी अक्सर दुःख के समय हम भगवान को दोषी ठहराते है पर जब दुःख के समय भी जज्बा न खोये बल्कि मुकाबला करें तो हालात बदलते है ईश्वर ही रास्ता दिखाता है जो स्वयं प्रत्यक्ष रूप से इस दास्ता में गोस्वामी परिवार अमानगंज ने बयां की जमीनी हकीकत। मोबाईल की दुकान अच्छी खासी चलती थी हालात बदले बुरा समय आया। दुकान मालिक ने किराया बढ़ाना शुरू किया अंततः दुकान खाली करा ली। दूसरे जगह मोबाईल की दुकान खोली नहीं चली बंद करनी पड़ी। अचानक जो मोबाईल की दुकान में आते थे जे.के. सीमेन्ट से कर्मचारी हो या अधिकारी सलाह दी अमानगंज से सिमरिया आमनगंज में जमीन खरीदने में मानी। खरीदी जमीन बनाया होटल बाखूबी अनंत श्री नाम दिया। गोस्वामी परिवार को स्वयं एक बार फिर हालात बदले होटल की राह पहली बार तय की थी। फिर भी कहीं न कहीं संघर्ष से जीवन की राह तय होने लगी। स्वयं का रोजगार तो मिला ही दूसरों को भी सहारा बने। यह दास्ता सच्चाई भरी महेन्द्र गोस्वामी निवासी अमानगंज की है। जो जमीन 100 बाई200 फिट की थी उस समय लगभग 3 लाख में खरीदी थी। आज उसकी कीमत करोड़ों में पहुंची। वहीं खर्च काटकर लगभग एक हजार रूपये प्रतिदिन स्वयं बचते हैं वहीं 11 लोगों को रोजगार देना भी बयां कर रहे यह हालात बदलने की दास्ता है दुःख की घड़ी में साहस नहीं खोया ईश्वर ने मदद की तो आज फिर मंजिल मिली। गलत रास्ते न चुने सुख के बाद अगर दुख आता है तो दुख का मुकाबला भी सच्चाई भरी राह से करें। तो कहीं न कहीं भगवान खुद अंधकार से प्रकार की ओर मार्ग तय करते है। जो महेन्द्र गोस्वामी ने आप बीती अपनी बताई। इस तरह से बदलाव के हालात सामने आये है। जमीनों की कीमत का प्रतिफल अमानगंज से सिमरिया मार्ग में जो बढ़ते मूल्य को लेकर लाभ मिला है वहीं अमानगंज सम्पूर्ण क्षेत्र उद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से जिले का सबसे विकासशील कस्बा होने जा रहा है। यहां इस कस्बे के हालात जिले में अन्य कस्बों की तुलना में स्वयं ही बयां होने लगे है। यह हालात उद्योगिक दिशा के बाद ही माने जा रहे है अमानगंज में अब किराये के मकान 3500 से 4000 में मिलते है दो रूम लेटबॉथ वह भी विद्युत का बिल अलग से देना पड़ता है। इसे बदलते राह को लेकर अमानगंज कस्बा में जहां बाजार के मिजाज भी स्वयं बयां हो रहे है। साथ ही आने वाला समय जिले में इस कस्बे के लिए बेहतर माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**सरवई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम महयाबा में एक 8 साल के मासूम की तालाब में डूबने के कारण मौत होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने बताया है कि एक व्यक्ति का राजनैतिक रसूख और ग्राम पंचायत की लापरवाही मासूम के लिए काल बनी है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत महयाबा में अवैध खनन करने वाले माफियाओं ने गहरी खुदाई करने के बाद उसे छोड़ दिया, जो कि वर्तमान में तालाब बन गया है। वहीं पास में शासकीय प्राथमिक विद्यालय है, जहां बच्चे पढने के लिए जाते हैं। लंबे समय से यहां अनहोनी की आशंका बनी हुई थी, जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई मर्तबा जनपद सीईओ से लेकर जिला स्तर पर बैठे अधिकारियों को आवेदन दिए लेकिन संबंधित व्यक्ति के राजनैतिक रसूख के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो सकी और अंततः एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बहरहाल अब देखना यह है कि इस घटना के बाद क्या प्रशासन इस दिशा में कोई कदम उठाता है या फिर आगे भी इसी तरह की घटनाएं होते रहेंगी।

### धरपकड़ अभियान के तहत पकड़े गए 5 फरार अपराधी



**छतरपुर।** चुनाव के मद्देनजर फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महाराजपुर और गढ़ीमलहरा की पुलिस टीमों ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक महाराजपुर थाना पुलिस द्वारा 3 साल पूर्व हुए एक एक्सीडेंट के मामले में फरार चल रहे वारंटी नरेन्द्र पुत्र कल्ला सेन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जबकि गढ़ीमलहरा पुलिस ने मारपीट, एससी-एसटी एक्ट में फरार चल रहे अपराधी गोलू पुत्र प्यारेलाल नामदेव, मारपीट के मामले में फरार संजय पुत्र गौरीशंकर बंसल उम्र 25 वर्ष तथा एक अन्य मामले मे फरार गौरीशंकर पुत्र लच्छू बरार निवासी गढ़ीमलहरा को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त गढ़ीमलहरा पुलिस ने विद्युत अधिनियम के प्रकरण में फरार रूपनारायण पुत्र हीरालाल राठौर को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को मेडिकल परीक्षण के उपरांत पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा का हवन पूर्णाहुति भंडारे के साथ हुआ समापन

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली के पीछे वार्ड नंबर 28 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित अनिल कुमार शास्त्री जी के मुखारविंद से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का हवन पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन हो गया। आयोजन समिति के गिरजा पाटकार ने वताया कि विगत सात दिन से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के संपन्न होने के अगले दिन सुबह से हवन पूजन की तैयारी चालू हो गई थी। पंडित अनिल कुमार शास्त्री के द्वारा सातों दिन में प्रतिदिन पीठों के पूजन के लिए बैठे समिति के सदस्यों द्वारा सिद्ध वेदियों का पूजन किया उसके बाद भागवत जी का पूजन किया गया। आचार्य पंडित जी द्वारा विधी विधान से हवन पूजन कराया गया। प्रतिदिन कथा सुनने आये सभी श्रद्धालुओं भक्तगणों ने हवन कर पूर्णाहुति की उसके बाद भंडारा चालू किया गया। भंडारे में सेकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर श्याम बिहारी पाटकर, लालजी पाटकर, मंगल सिंह, अमित सोनी, उमाशंकर पाटकर, पवन सोनी, गिरजा पाटकर, संजय खरे, सुमित पाटकर, विनोद नामदेव, राकेश नामदेव, राजेश सोनी, राजू रैकवार, मुकेश सोनी, मुक्कू खरे सहित युवा सदस्यों की टोली सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# शातिर महिलाओं ने ज्वेलरी की दुकान पर किया हाथ साफ

## सीसीटीवी फुटेज में मामला आया सामने, एफआईआर दर्ज


चंदला-सरवई मार्ग पर बंसिया तिराहे के पास स्थित निरंकार ज्वेलर्स की दुकान पर तीन शातिर महिलाओं ने खरीददार बनकर गहनों पर हाथ साफ कर दिया। जब दुकान बंद करने के समय दुकानदार ने गहनों का वजन किया तो उसके पैरों तले ज़मीन खिसक गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पूरा मामला साफ हो गया।

**चंदला।**

जानकारी के मुताबिक तीन महिलाएं एक साथ 21 मार्च को दुकान पर ज्वेलरी की खरीददारी करने पहुंची थी। उन्होंने दुकान मालिक से ज्वेलरी दिखाने को कहा। दुकानदार द्वारा ट्रे में रखकर महिलाओं के सामने ज्वेलरी रख दी गई। देखते ही देखते महिलाओं ने ट्रे से कब ज्वेलरी साफ कर दी, दुकान मालिक को समझ नहीं आया। महिलाओं के जाने के बाद जब दुकान मालिक ने अपनी ज्वेलरी चेक की तो देखा कि ज्वेलरी में से एक सोने की बेसर और टॉप्स गायब हैं। दुकान मालिक नारायण सोनी के द्वारा चोरी गए जेवरों को अपनी दुकान में तलाशने के बाद जब सामान नहीं मिला तब पूरे मामले की रिपोर्ट बीते रोज 23 मार्च को चंदला थाने में दर्ज़ करवाई गई है। वहीं महिलाओं द्वारा चोरी करते हुए पूरा मामला दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सलवार सूट में बैठी युवती ने किस तरीके से ट्रे से सोने का सामान लेकर तीसरे नंबर की साड़ी पहने बैठी महिला को काउंटर के नीचे से थमा दिया। अब देखना होगा महिलाओं के चेहरे उजागर होने के बाद आखिर चंदला पुलिस कब तक महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर पाती है। वहीं दुकान मालिक नारायण सोनी के पुत्र रविन्द्र सोनी ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि जो भी व्यक्ति इन शातिर महिलाओं की जानकारी उपलब्ध करवाता है उसे पांच हजार रूपए का नगद पुरस्कार मेरी तरफ से दिया जाएगा।



# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार




**बक्सवाहा।**

बक्सवाहा थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ दुष्कृत किए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की अनुपस्थिति में गांव के ही एक युवक ने शराब के नशे में पीड़िता को अपनी हवस का शिकार बनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के माता-पिता उस वक़्त बक्सवाहा पैसे निकलवाने के लिए गए हुए थे। तथा भाई- बहन भी कहीं बाहर गए हुए थे। मौका पाकर शराब के नशे में आरोपी ने पीड़िता का मुंह अपने हाथ से दबाकर उसके साथ दुष्कृत को अंजाम दिया है। इसके पश्चात पीड़िता ने अपनी माता को सारी वारदात सुनाई तथा माता के साथ बक्सवाहा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं बक्सवाहा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अपराध क्रमांक 74/24 में भारतीय दंड विधान की धारा 376, 450 एवं 3/4 पॉस्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। तथा अपराधी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पर्यटन नगरी के मैन मार्केट भी दिखे गुलजार, जगह-जगह होली के रंगों पिचकारियों की दुकान

**खजुराहो।**




विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। गौरतलब है कि खजुराहो में रंगों के पर्व होली का आनंद लेने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां के स्टार रेटिंग तथा बजट क्लास होटलों में होली का त्योहार मनाने के खास इंतजाम किए जाते हैं। कई होटलों में फूलों की होली, रंग-गुलाल की होली के साथ लाइव म्यूजिक, बुन्देली राई नृत्य, डीजे, डांस, लजीज व्यंजन का इंतजाम किया गया है। खासतौर पर बुंदेलखंड की होली में राई नृत्य देखने और यहां की होली खेलने में पर्यटकों की खासी रुचि रहती है। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के मैन मार्केट बाजारों में रंगों एवं पिचकारियों की दुकानें सज चुकी हैं। स्थानीय लोग बाजार से कल के होली के लिए सामान खरीदते नजर आ रहे है। बच्चों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा। नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारी चल रही है। रात्रि में होलिका दहन के बाद सुबह से ही लोग रंगो के महापर्व होली को धूम धाम से मनाएंगे।

## 26 की जगह 30 मार्च को लगेगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**छतरपुर**

नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कल्याण धर्मशाला चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से होली का पर्व होने के कारण 26 की जगह 30 मार्च को किया जा रहा है। समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा एवं उन्हें चश्मा और दवा भी वितरित की जाएगी। परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ जरूर लेकर आएं। हनुमान टोरिया सेवा समिति ने नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों से आग्रह किया है कि अपनी आंखों का इलाज कराकर इस शिविर का लाभ लें।

## फांसी पर लटकी थी मां, आंगन में रो रहा था एक साल का मासूम
### लक्ष्मणपुरा गांव में अज्ञात कारणों से महिला ने की आत्महत्या

ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुरा में एक विवाहित महिला के द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। जिस वक्त महिला ने आत्महत्या की उस वक्त वह घर में अकेली थी। मृतिका के मासूम बच्चे को रोता देख पड़ोसियों को सर्वप्रथम महिला की मौत की जानकारी लगी थी, जिसके बाद उन्होंने महिला के ससुर को सूचना दी।

**छतरपुर।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 3 वर्ष पूर्व लक्ष्मणपुरा निवासी मनमोहन यादव का विवाह टेकरिया निवासी आराधना यादव के साथ हुआ था। विवाह के बाद आराधना ने एक पुत्र को जन्म दिया था, जिसक उम्र अभी 1 वर्ष है। मनमोहन ट्रक चलाने का काम करता है। कुछ दिन पहले वह अपना ट्रक लेकर दिल्ली गया था। घर में मनमोहन के पिता रतिराम यादव, पत्नी आराधना और 1 वर्षीय पुत्र था। शनिवार को रतिराम खेत पर गया था और घर में आराधना तथा उसका पुत्र था। शाम करीब 5 बजे आराधना का पुत्र घर में रो रहा था, उसे रोता देख पड़ोसी घर के अंदर गए जहां आराधना फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। पड़ोसियों ने रतिराम को फोन पर सूचना दी जिसके बाद रतिराम घर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। रविवार की सुबह मृतिका का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## चैकिंग के दौरान कार में मिली 8 लाख की नगदी
### चालक ने कहा मजदूरों को भुगतान के लिए ले जा रहा था पैसे

**छतरपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत बीती रात करीब 9 बजे शहर के नौगांव रोड पर ओरछा थाना के समीप एक कार से लाखों रुपए बरामद किए गए। जप्त नगदी कहां से और क्यों लाई गई इसकी जांच एफएसटी टीम द्वारा की जा रही है लेकिन उक्त राशि चुनाव से संबंधित न होने की बात सामने आई है।

एफएसटी टीम के सदस्य ईशानगर के राजस्व निरीक्षक नंदलाल अहिरवार ने बताया कि नौगांव रोड पर ओरछा रोड थाना के समीप चुनाव के मद्देनजर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 16 सीबी 7196 को जांच हेतु रोका गया। कार की जांच करने पर उसमें 8 लाख रुपए नगद पाए गए। पूछताछ में कार चालक मोहन अहिरवार ने टीम को जानकारी दी कि यह पैसे छतरपुर में निर्मित हो रहे नवीन तहसील भवन के ठेकेदार अभिनव गुप्ता के हैं, जो कि त्यौहार से पूर्व मजदूरों को उनका पारिश्रमिक भुगतान करने के लिए उसे दिए गए हैं। एफएसटी टीम ने कहा है कि वे मजदूरों के कथन लेने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। हालांकि कार चालक के बयान से संभवतः यह स्पष्ट है कि जप्त किए गए पैसे चुनाव से संबंधित नहीं हैं।



## सीएसपी ने डीजे संचालकों को दिए आवश्यक निर्देश



रविवार की शाम सिटी कोतवाली थाना परिसर में सीएसपी अमन मिश्रा द्वारा डीजे संचालकों एवं आम जनमानस के साथ बैठक की गई जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि डीजे संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे तेज ध्वनि में गीत न बजाएं, साथ ही अश्लील अथवा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गीत न बजाएं। डीजे बजाने से पूर्व प्रशासनिक अनुमति भी आवश्यक रहेगी, इस अनुमति में जो समय-सीमा निर्धारित की जाएगी उसके अनुसार डीजे अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए मानकों की विस्तृत जानकारी देकर उनका पालन करने की अपील की गई।

## सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा
### ग्वालियर ले जाते समय हुई मौत, सदमें में है परिवार



**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र से रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। बताया गया है कि गुलगंज का रहने वाला एक युवक सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। सुबह जब वह दौडऩे के लिए निकला तो हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को ग्वालियर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज निवासी धनी अहिरवार का 26 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र बीएससी फाइनल का छात्र था और सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। रविवार की सुबह करीब 5 बजे राजेन्द्र अपने दास्ते सुरेन्द्र के साथ रनिंग के लिए निकला था, इसी दौरान कस्बे के निकट हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने राजेन्द्र को रौंद दिया। गंभीर अवस्था में राजेन्द्र को जिला अस्पताल लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही राजेन्द्र ने दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे के कारण मृतक राजेन्द्र का पूरा परिवार सदमे में है और उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पर हुआ प्राणघातक हमला
### पीड़ित ने राजनैतिक रंजिश को बताया हमले का कारण



**छतरपुर।** बीती रात ओरछा रोड थाना क्षेत्र में नारायणपुरा मार्ग पर भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर कुछ लोगों द्वारा प्राणघातक हमला किया गया। इस हमले में मंडल बुरी तरह से घायल हुआ है, उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही ओरछा रोड थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

घायल मुकेश शर्मा ने बताया कि वह भाजपा किसान मोर्चा के महेबा मंडल अध्यक्ष हैं। गांव के कांग्रेसी नेता संतोष शर्मा से उसका राजनैतिक मतभेद है और इसी के चलते पिछले काफी समय से संतोष शर्मा तथा उसके पुत्र हमला करने की फिराक में थे। मुकेश के मुताबिक बीती रात जब वह नारायणपुरा मार्ग से रिलायंस पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था तभी महाराजा मैरिज हाउस के समीप इमली के पेड़ के नीचे पहले से घात लगाए बैठे संतोष शर्मा और उसके पुत्र नरेश, मुकेश तथा सचिन शर्मा ने लाठी तथा कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। सिर पर कुल्हाड़ी लगने के कारण मुकेश मौके पर ही बेहोश हो गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। आसपास के लोगों ने मुकेश को घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा था। मुकेश ने ओरछा रोड थाने में घटना की शिकायत कर प्राणघातक हमला किए जाने का मामला पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने होली पर्व की सभी को दी शुभकामनाएं



**रीवा ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने होली पर्व के अवसर पर प्रदेशवासी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली पर्व हमारे सनातन संस्कृत समृद्धि प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का पर्व है यह पर्व जहां हमें कर्तव्य से जोड़ता है वही देश समाज के लिए समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा देता है होली रंग उत्साह एवं उमंग का त्यौहार हैसमाज में प्रेम समरसता उल्लास की भावना को मजबूत करता है सभी जनों के जीवन में खुशियां सुख समृद्धि का संचार करें नई ऊर्जा एवं नया उत्साह प्रदान करें

### पुलिस ने नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द




**रीवा।** गोविन्दगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत से 16 में वर्षीय नाबालिग बालिका के अचानक रहस्यमय तरीके से गुम हो जाने पर से गुमसुदा लड़की के पिता की रिपोर्ट पर थाना गोविन्दगढ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 64/2024 धारा 363 IPC का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया गुमसुदा/अपहृत नाबालिग बालिका की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी गुमसुदा बालिका की पता तलाश के अनुक्रम में थाना प्रभारी गोविन्दगढ शिवा अग्रवाल द्वारा थाना स्टॉप की मदद से पुलिस टीम भेजकर गुमसुदा नाबालिग़ बालिका को दस्तयाब कर बाद पूछताछ परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर किया है।

### लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया है कंट्रोल रूम

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट के भूतल में कक्ष क्रमांक 11 ए लोकमित्र कक्ष में कंट्रोल/शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। निर्वाचन कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07662-255143 है। कन्ट्रोल रूम से निर्वाचन के संबंध में विभिन्न सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

### चाकू चमकाते 4 धराये

**शहडोल।** थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 22 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि कटहरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी मिन्टू पिता चमरू सिंह उम्र 41 वर्ष नि0 कटहरी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। वहीं थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि निपनियां तिराहा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी आशीष पिता राम देव शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी दलको कोठार को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि सिंहपुर रोड पुट्टी बाडा एवं दारू भ_ी के पास कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थानों पर दबिश देकर पु_ी बाडा से आरोपी सुभम सरवारी पिता सुभाष सरवारी निवासी ईरानी बाडा को पकड़कर तलाशी ली गई एवं सिंहपुर रोड दारू भठ्टी के पास से आरोपी अप्पू उर्फ धनराज समुन्द्रे पिता रिंकू समुन्द्रे उम्र 24 वर्ष निवासी रेल्वे कॉलोनी शहडोल दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक-एक अद्द लोहे के चाकू मिले।

# शातिर तस्कर गिरफ्तार, 440 सीसी नशीली कफ सिरप बरामद

रीवा

**गढ़ पुलिस ने शातिर तस्कर आकाश सिंह उर्फ अपूर्व निवासी लालगांव को गिर तार कर लिया। तस्कर के घर से 440 सीसी नशीली कफ सिरफ की पुलिस ने बरामद की। जिसकी कीमत पुलिस ने 75 हजार रूपये आंकी है।**

आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर दिया है। थाना प्रभारी गढ़ विकास कपीश ने बताया कि नशीली कफ सिरफ की खेप कहां से लाता था, कहां-कहां देता था जैसी जानकारी जानने के लिए मा. न्यायालय से आरोपी को एक दिन के लिए रिमांड में दिये जाने की मांग की है।

**वारंट निरस्त करवाने के चक्कर में फंसा जाल में**

एसपी विवेक सिंह द्वारा लगातार वारंटी धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस बात की जानकारी तस्कर आकाश सिंह को लगी तो न्यायालय द्वारा जारी गिर तारी वारंट को निरस्त करवाने आवेदन लगवाया। मा. न्यायालय द्वारा जब गढ़ थाना से डायरी मंगाई गई तो पुलिस के कान खड़े हो गये। अग्रिम जमानत होने के पहले ही पुलिस ने मुखबिरों को जाल बिछा कर शातिर तस्कर आकाश सिंह को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि आकाश सिंह के विरुद्ध समान थाना में छेड़छाड, सोहागी एंव गढ़ थाना में एनडीपीएस का अपराध पूर्व से ही दर्ज था।



# लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा होते ही कांग्रेस में आया भूचाल, बीच धार में फंसी नैया

**रीवा।** विधानसभा प्रत्याशियों की हार और सेमरिया विधानसभा से जीत का नतीजा लोकसभा चुनाव में सेमरिया विधायक ने भले ही भंजा लिया हो, लेकिन जैसे ही प्रत्याशी की घोषणा हुई वैसे ही कांग्रेस में भूचाल आ गया। कांग्रेस का एक बड़ा खेमा सेमरिया विधायक से दूरी बना लिया। कुछ लोगों ने तो स्पष्ट कह दिया कि अभय मिश्रा फार्म हाउस में विधायक और सांसद का सपना देख रहे है, विधायकी तो मिल गई लेकिन सांसदी अभी दूर है। नाम न छापने की शर्त पर एक विधानसभा प्रत्याशी ने कहा कि सेमरिया विधायक तो दो की दम पर चुनाव लड़ ले एक जो अपनी ही पार्टी से गद्दारी कर उनका प्रचार करता रहा और दूसरी आदिवासी बोट पर प्रहार करने वाली। यह बात किसी से छुपी नहीं कि कांग्रेस अपनो से ही हारती है, इस बात का जिक्र स्वंय सेमरिया के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने भाजपा में चंद दिनो की वापसी के दौरान कहा था कि 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने देखा कि मुझे अपने ही पार्टी के लोगों से लडऩा पड़ा। रीवा लोकसभा सीट में कांग्रेस से कई दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने शनिवार की शाम जारी लिस्ट में रीवा से सेमरिया विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस बात की हवा जैसे ही कांग्रेसियों के बीच फैली सभी के तेवर बदल गये और राजनीति के गलियों में तरह-तरह की चर्चाऐं निकल कर सामने आने लगी। एक ओर जहां सेमरिया विधायक के समर्थकों के बीच खुशी देखने को मिली वहीं दूसरी ओर दावेदारों के बीच

गुतगू की खबरें आने लगी। लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के पहले से ही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने रीवा के एक मैरिज गार्डेन में जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक की और उसके पहले आम आदमी पार्टी से निष्कासित प्रमोद शर्मा ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। तभी कांग्रेसियो के बीच यह तय हो गया था कि रीवा लोकसभा सीट से सेमरिया विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को टिकट मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में रीवा के एक होटल में कांग्रेसियों के बीच बैठक हुई जिसमें सभी ने अपनी-अपनी नाराजगी व्यक्त की थी जो अब फूट कर बाहर निकल आई और चर्चा का विषय बन गई।

### पूर्व मुख्यमंत्री का आया फोन, पूछे बाबा है कौन

कांग्रेस की ही सूत्रों ने बताया कि रविवार को दोपहर कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष के पास पूर्व मु यमंत्री दिग्विज सिंह का फोन आया था और जिला ग्रामीण अध्यक्ष से पूछे की ये बाबा कौन है। सूत्र ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी की दौड़ में रीवा महापौर भी शामिल रहे। लेकिन जब उनको टिकट नहीं मिला तो वह भाजपा में जाने की बात करने लगे। इस बात की जानकारी पूर्व मु यमंत्री तक पहुंची तो उन्होने जिला ग्रामीण अध्यक्ष की घंटी खनखना दी।



### अपनी ही बातों से पलट गये सेमरिया विधायक

विधानसभा चुनाव परिणाम जब घोषित हुआ तो रीवा सहित प्रदेश से कांग्रेस की करारी हार पर आयोजित पत्रकारवार्ता में सेमरिया विधायक ने ईव्हीएम पर दोष मढ़ते हुए कहा था कि जब तब ईव्हीएम माता है तब तक भाजपा से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। आज जब उनकी पत्नी को लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया गया तो पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि ईव्हीएम माता के ऊपर भी एक माता है।

# पर पीड़ा की अनुभूति ही लायनवाद-शैलेष अग्रवाल

## लायन अतुल जैन माइलस्टोन शेवरॉन अवॉर्ड से सम्मानित

**रीवा ।** लायंस क्लब रीवा के सचिव लायन अतुल जैन ने बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233-सी प्रांतपाल लायन शैलेष अग्रवाल की अधिकारिक यात्रा समारोह राज वाटिका मैरिज हाल जिऊला में गरिमामय तरीके से आयोजित किया गया। लायंस प्रांतपाल (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) अपनी अधिकारिक यात्रा के दौरान सर्वप्रथम लायंस नेत्र चिकित्सालय गये, जहां 33 मोतियाविंदु के आपरेशन डा.पंकज जस्वानी द्वारा किये जा रहे थे व डा.अरुण अग्रवाल नेत्र रोगियों का परीक्षण कर रहे थे। नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण व संबंधित जानकारी डा.प्रभाकर चतुर्वेदी व लायन बी.के.थापर ने दी।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (प्रांतपाल) लायन शैलेष अग्रवाल की अधिकारिक यात्रा का मुख्य समारोह राजवाटिका मैरिज हाल जिऊला में आयोजित किया गया जहां सर्वप्रथम डि.गवर्नर लायन शैलेष अग्रवाल, अध्यक्ष लायन सुमित गुप्ता, सचिव लायन अतुल जैन, कोषाध्यक्ष लायन प्रभात सिंह, एम.जे.एफ.लायन महेन्द्र सर्राफ व वरिष्ठ लायन मंगल प्रसाद गुप्ता, जो मंचासीन कराने के पश्चात माल्यार्पण द्वारा अतिथियों का स्वागत लायन डा.यू.पी.सिंह, लायन संजय गुप्ता, लायन डा.मंगलेश्वर सिंह, लायन राजकुमार गुप्ता, लायन अशोक अग्रवाल ने किया। मंचासीन अतिथियों में माँ सरस्वती व मोतविन जोंस की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया। ध्वज वंदना का वाचन लायन नीरज प्रथम द्वारा किया गया।

अध्यक्ष लायन सुमित गुप्ता ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि लायंस क्लब रीवा 55 वर्षो से पीड़ति मानवता की सेवा कर रहा है जो हमारे लिये गर्व की बात है। सचिव लायन अतुल जैन ने वर्ष भर की सेवा गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुये कहा कि हमारी सक्रियता का सबसे बड़ा उदाहरण हमारा लायंस नेत्र चिकित्सालय है जिसमें लगभग ढाई लाख मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा लगभग 25 हजार मोतियाविंदु के आपरेशन किये गये हैं। हमने सभी राष्ट्रीय दिवस एवं विशेष दिवस पर सेवा कार्यो का आयोजन किया है जिनमें 26 जनवरी, 15 अगस्त, मोतविन जोंस डे, सेवा सप्ताह, फूड फार हंगर, आदि मुख्य है।

मुख्य अतिथि लायन शैलेष अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा लायंस क्लब्स इंटरनेशनल पीड़ति मानवता की सेवा के लिये 49000 क्लब्स एवं 14 लाख से अधिक सदस्यों के माध्यम से पूरे विश्व में सेवा कार्य कर रहे हैं जिसमें अंधत्व निवारण मुख्य गतिविधि है जिसमें ''साईट फस्ट'' अभिमान चलाकर नेत्र परीक्षण शिविर एवं मोतियाविंदु के आपरेशन करके पूरे विश्व से अंधत्व निवारण का बीड़ा उठा रखा है, जिसका लायंस नेत्र चिकित्सालय रीवा जीता-जागता उदाहरण है। लायन अग्रवाल ने आगे कहा लायंस क्लब रीवा सेवा के क्षेत्र में वट वृक्ष के समान है जो सेवा के क्षेत्र में पूरी डिस्ट्रिक्ट में अलग स्थान बनाये हुये हैं मैने बहुत करीब से लायंस क्लब रीवा की गतिविधि को देखा है जिसके सदस्य तन, मन, धन से पीड़ति मानव सेवा में सेवारत है। वरिष्ठ लायन मंगल प्रसाद गुप्ता, लायन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी व एम.जे.एफ.लायन महेन्द्र सर्राफ ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेष अग्रवाल ने अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डा.पैतीहिल से प्राप्त माइलस्टोन शैवरॉन अवार्ड प्राप्त किया। लायन अतुल जैन को लायनिज्म में निरंतर 30 वर्षो से पीड़ति मानसेवा में अपनी प्रतिबद्धता, समर्पण, लगन व सेवाभाव के साथ सेवा कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। श्री जैन को पूर्व में भी सेवा कार्यो के लिये ''एक्सीलेंट मैन ऑफ मध्यप्रदेश'' के सम्मान से म.प्र.के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। श्रेष्ठ सेवा गतिविधियों के लिये पूर्व में भी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व रीजन चेयरमैन द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मान किया गया है माइलस्टोन शैवरॉन अवार्ड लायन एम.जे.एफ.महेन्द्र सर्राफ, लायन रमेश सर्राफ, लायन डा.कैलाश गुप्ता, लायन संजय गुप्ता, लायन विनोद पाण्डेय, लायन डी.पी.सिंह परिहार, लायन इंजी.आर.के.सिंह, लायन बी.के.थापर, लायन अबनीश खण्डेलवाल।




कार्यक्रम का सफल संचालन लायन डी.पी.सिंह परिहार ने किया एवं आभार प्रदर्शन लायन डा.यू.पी.सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन बी.के.थापर, लायन डा.बी.एस.परिहार, लायन डा.विभा श्रीवास्तव, लायन विजय बेंजामिन, लायन उर्वसी गुप्ता, लायन बवीता गुप्ता, वालेन्तीना जैन, लायन सुधाकर तिवारी, लायन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी, लायन राजकुमार गुप्ता, माया गुप्ता उपस्थित रहे।

# विकास के नाम पर लूट, जनता के पैसे का दुरूपयोग : देवेंद्र सिंह

## आदिवासी जनजाति के गौरव कोलगढ़ी की घोषणाएं अधूरी

**रीवा ।** बहुजन समाज पार्टी के त्योथर विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहां की देश विकास कर रहा है विकास की गंगा देश से शुरू होती है वह प्रदेश स्तर पर होते हुए रीवा जिले में आती है लेकिन जिले का बजट गाँवो में न पहुंचकर शहर में ही विलीन हो जाता है भले ही एक रोड (मॉडल) को 15 वर्षों में 15 बार बनाना पड़े, शहर की सड़के खुदती है कभी सीवर लाइन के नाम, कभी नाली नाले के नाम लेकिन 15-20 वर्षों से शहर को खुदाई से छुटकारा नहीं मिल रही है। रीवा के पहले बाई पास से लेकर रानी तालाब बस स्टैंड, कलेक्ट्रेड होते हुए नए एयरपोर्ट रिंग रोड तक का विकास रीवा का विकास एवं व्यक्ति विशेष का विकास साथ साथ चंद धन्नासेठों काचमचों का बढ़ावा देना चल रहा है। उदाहरण राजकपूर ओडिटोरियम बनाने का उद्देश्य कला प्रेमी संगीत प्रेमी, नाटक प्रेमी कलाकारों को रिहर्सल, साहित्य गोष्ठी इत्यादि के लिए था अगर आपको उपयोग करना है तो आपकी पहचान या संबंध व्यक्ति विशेष से नहीं है तो यह स्थान आपको नहीं मिलेगा या फिर आप उस व्यक्ति के सामने गिरगिडाओ, मिन्नतें करे। जिसको सरकार ने 50 करोड़ कि भूमि में 27 करोड़ का ओडिटोरियम निर्माण कराके उसे खैरात में (मिलीभगत से टेंडर) दिया। बिना एक रूपये की पूंजी लगाए लाखों रूपये महीने कमाने के लिए इससे बढ़िया बिसनेस मॉडल रीवा वासियों के लिए अनोखा एवं अद्भुत है सरकारी जमीन की लूट पर रीवा के पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह भी दुःख व्यक्त कर चुके है। हर शहरवासी हमेशा किसी सरकारी भूमि या आवास को देखकर चिंतित हो जाता है कि तेरा विकास कब होगा? जनता सोच रही है कि इस अभागी पर विकास पुरुष की नजर नहीं पड़ी। ओडिटोरियम रंगमंच कलाकरों के लिए है या शादी समारोह के लिए रीवा की जनता अभी तक यह नहीं जान पाई है। वही आगे भारतीय जनता पार्टी ऊपर आरोप लगाते हुए कहा की राजपूत पिछड़ा आदिवासी विरोधी है भारतीय जनता पार्टी म. प्र. के मेयर चुनाव में किसी राजपूत को टिकट नहीं दिया, विंध्य में किसी राजपूत को लोकसभा का टिकट नहीं, प्रदेश में केवल एक राजपूत को लोकसभा टिकट दिया गया है। राजपूत चाली में सजाकर रखने के लिए या फिर मजबूरी में (गुढ़, नागौद) पूर्व राज्य सभा सांसद अजय प्रताप सिंह का उदाहरण हैं। कि उन्हें पार्टी कि सेवा का प्रतिफल मिला रीवा में पिछड़े वर्ग में पटेल वर्ग को



छोड़कर अन्य यादव काछी (कुशवाहा) पालमाँझी, भोरतिया, लोनिया, लोहार, कहाँर, कोरी, मुड़हा जैसे पिछड़ी जातिया भाजपा के वोट बैंक तो हैं। लेकिन जिले में मंडल में इनके प्रतिनिधि भाजपा संगठन में खोजने के लिए दूरबीन की जरूरत पड़ेगी आदिवासी समाज विशेषकर कोल जनजाति 2018, 2019 के चुनाव से ही भारतीय जनता पार्टी के साथ शत प्रतिशत है। लेकिन विंध्य में शरद कोल (सुरक्षित और मजबूरी) के अलावा अन्य कोई कोल जाति का नेता मण्डल स्तर पर भी किसी लिस्ट में नहीं रखा जाता लेकिन वोट शत प्रतिशत चाहिए। जिले में दो लाख वोट होने के बावजूद भाजपा संगठन में अनूपपुर के रौतेला जी को म. प्र. कोल विकास प्राधिकरण का चेयरमैन बनाया। लेकिन त्योंथर कोलगड़ी देश में एकमात्र कोल जाति का किला है इसके उद्घाटन के अवसर पर पूरी पार्टी भाजपा (मुख्य मंत्री शिवराज सिंह सहित ) श्रेय के होड़ में लगी थी किन्तु आज गढ़ी में अमानक ईंटे (लोकल) घटिया कार्य करके लीपा पोती कर रही है। कुल मिलाकर यह कहा जाय भाजपा देश में भरेंशाही एवं लूट का पर्याय बनी है। आदिवासी जनजाति के गौरव कोलगढ़ी की घोषणाएं अधूरी हैं।

# प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण

## उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

**रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा कलेक्टर न्यायालय कक्ष में प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए अधिकारी और कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि माननीय सुप्रीमकोर्ट के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रो एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन वार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चैनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी कि समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घण्टे पहले तक कि अवधि में किया जाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी-1 निर्धारित किया गया है। जिसे संचार माध्यमों में प्रकाषित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणो की जानकारी देंगे। जिसे दल वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-3 में रिटार्निंग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत देंगे। प्रपत्र 26 के कालम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवार इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

# नामांकन पत्र भरते समय केवल 5 व्यक्तियों की होगी अनुमति

**रीवा।** लोकसभा क्षेत्र के लिए 28 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का क्रम आरंभ होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग आफीसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से सौ मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने 100 मीटर की परीधि को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया है। अभ्यर्थी तथा 4 अन्य अधिकृत व्यक्तियों को ही नामांकन पत्र दाखिल करते समय इसमे प्रवेश दिया जायेगा। कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को तैनात किया जायेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 की उपधारा 6 के अधीन एक ही निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए किसी अभ्यर्थी द्वारा उसकी ओर से अधिकतम केवल 4 नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि तथा घोषणा पत्र दाखिल करना आवश्यक होगा। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के उम्मीदवार के लिए एक प्रस्तावक तथा अन्य दलों एवं निर्दलीय उम्मीदवार के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक होंगे। रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट रीवा के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल होंगे।

### चाकू चमकाते 4 धराये

**शहडोल।** थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 22 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि कटहरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी मिन्टू पिता चमरू सिंह उम्र 41 वर्ष नि0 कटहरी को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। वहीं थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि निपनियां तिराहा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी आशीष पिता राम देव शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी दलको कोठार को पकड़कर तलाशी ली गई।

# नामांकन पत्र के साथ चेक लिस्ट के अनुसार दस्तावेज करने होंगे संलग्न

**रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन पत्र दाखिल करने होंगे। नामांकन पत्र के लिए प्रारूप 2 ए निर्धारित किया गया है।**

रीवा

भाग एक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र भरेंगे। शेष उम्मीदवार भाग दो में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ पत्र देना आवश्यक होगा। यह शपथ पत्र शपथ आयुक्त अथवा प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक प्रकरण, चल-अचल सम्पत्ति, देनदारियाँ, परिवार की चल-अचल सम्पत्ति, नकद राशि, आभूषण, वाहन, बीमा पालिसी, म्यूचुअल फण्ड, शेयर, राष्ट्रीय बचत पत्र आदि का विवरण देना भी आवश्यक होगा। शपथ पत्र में लंबित सम्पत्ति कर, बिजली बिल, जल कर, बैंक ऋण का भी विवरण देना आवश्यक होगा। आयोग के निर्देशों के अनुसार यदि उम्मीदवार उस लोकसभा क्षेत्र का मतदाता नहीं है जिसके लिए उसने नामांकन पत्र दाखिल किया है तो उसे अपना नाम मतदाता सूची में जिस लोकसभा क्षेत्र में शामिल है उसकी प्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ प्रारूप क और ख में आवश्यक जानकारियाँ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार आरक्षित वर्ग का है तो उसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को जमा की गई जमानत राशि की रसीद अथवा विवरण देना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उम्मीदवार द्वारा ली गई शपथ का विवरण भी देना होगा।